न्यायालय : सहायक कलक्टर (फास्ट–ट्रैक) भादरा, जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी : श्री सत्यनारायण आरएएस

प्रकरण सं0 : 203/2020

1. भागीरथ पुत्र मनीराम जाति जाट निवासी कुंजी त0 भादरा।

:– वादी

ब ना म

1 मनीराम पुत्र मूलाराम जाति जाट निवासी कुंजी त0 भादरा।

2 प्रेम प्रकाश } पिसरान मनीराम जाति जाट निवासीगण कुंजी त0 भादरा।

3 रोहिताश

4 बिमला पुत्री मनीराम पत्नी भूपसिह जाति जाट निवासी कुंजी त0 भादरा हाल निवासी सरदारगढिया त0 भादरा।

5 ओ0बी0सी0 बैंक हाल पी0एन0बी0 भादरा जरिये शाखा प्रबंधक भादरा।

6 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व भादरा।

:– प्रतिवादीगण

आज यह वाद मुझ सत्यनारायण सहायक कलक्टर फास्ट–ट्रैक भादरा के समक्ष वकील वादी श्री श्रवण सहारण एवं वकील प्रतिवादीगण श्री श्रवण सहारण II की उपस्थिति में निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर एवं वाद वादी साबित होने के कारण मुताबिक राजीनामा डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा कुंजी के खाता सं0 89/84 के खसरा सं0 212/1 की कुल 6.981है0 व रोही किकराली के खाता सं0 99/100 के खसरा सं0 48/1 की 1.872है0 बारानी खातेदारी में प्रतिवादी सं 1 मनीराम के नाम दर्ज भूमि में वादी व प्रतिवादी सं0 1 ता 3 को बहिस्सा बराबर के अनुसार खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। चुंकि प्रतिवादी स0 4 ने अपना हक हिस्सा वादी व प्रतिवादी सं0 1 ता 3 के पक्ष में त्याग कर शुन्य कर लिया है इसलिए त्याग किये गये हिस्से पर नियमानुसार पंजीयन विभाग को देय पंजीयन शुल्क व स्टाम्प डयूटी अदा करने व यदि कृषि भूमि बैंक के रहन है तो रहन मुक्त होने के उपरान्त ही उपरोक्तानुसार वादी भागीरथ व प्रतिवादी सं0 1 मनीराम, प्रतिवादी सं0 2 प्रेम प्रकाश, प्रतिवादी सं03 रोहिताश कुमार को संयुक्त रूप से बहिस्सा बराबर के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर रिकार्ड [illegible] खर्चा वाद उभय पक्ष अपना अपना वहन करे। खर्चा वाद उभय पक्ष अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक [illegible] को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा [illegible] जारी की गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2021.01.19 09:59:32 IST
Reason: SelfAttested

(सत्यनारायण)
सहायक कलक्टर R.A.S.
(फास्ट ट्रैक) भादरा
सहायक कलक्टर (फास्ट–ट्रैक)

Scanned with CamScanner

न्यायालय : सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक) भादरा, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी : श्री सत्यनारायण आरएएस

प्रकरण सं0 : 203/2020

1. भागीरथ पुत्र मनीराम जाति जाट निवासी कुंजी त0 भादरा।

:— वादी

ब ना म

1 मनीराम पुत्र मूलाराम जाति जाट निवासी कुंजी त0 भादरा।

2 प्रेम प्रकाश } पिसरान मनीराम जाति जाट निवासीगण कुंजी त0 भादरा।

3 रोहिताश }

4 बिमला पुत्री मनीराम पत्नी भूपसिह जाति जाट निवासी कुंजी त0 भादरा हाल निवासी सरदारगढिया त0 भादरा।

5 ओ0बी0सी0 बैंक हाल पी0एन0बी0 भादरा जरिये शाखा प्रबंधक भादरा।

6 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व भादरा।

:— प्रतिवादीगण

दावा बाबत : घोषणात्मक एवं रिकार्ड दुरूस्ती
अन्तर्गत धारा 88 राज0काश्त0अधि0 1955

उपस्थिति : वकील श्री श्रवण सहारण **: वादी**

वकील श्री श्रवण सहारण II **: प्रतिवादीगण**

सहायक कलक्टर एवं कार्य पालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) भादरा (हनुमानगढ़)

निर्णय **दिनांक :** 24.12.2020

संक्षेप में वाद के तथ्य इस प्रकार है कि रोही मौजा कुंजी के खाता सं0 89/84 के खसरा सं0 212/1 की कुल 6.981है0 व रोही किकराली के खाता सं0 99/100 के खसरा सं0 48/1 की 1.872है0 बारानी खातेदारी में प्रतिवादी सं 1 मनीराम के नाम खातेदारी राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। जो पहले प्रतिवादी सं 1 के पिता मूलाराम की खातेदारी हुआ करती थी। मूलाराम से विरासतन उक्त भूमि को प्रतिवादी सं0 1 मनीराम ने कर्ता खानदान होने के चलते तन्हा अपने नाम विरासतन दर्ज करवा ली।

वादी एंव प्रतिवादगण हिन्दू है तथा हिन्दू विधि से शासित होते है। वादभूमि वादी की दादालाई पैतृक कृषि भूमि है जिसमें वादी का जन्म से हक एवं अधिकार निहित है। वादी अपनी बंटवारा की भूमि को समतल, उपजाउ बनाकर सुधार करना चाहते है जिसके लिए उन्हे केसीसी, ऋण आदि की आवश्यकता रहती है इसलिए वादी ने प्रतिवादीगण को उक्त वाद भूमि को अपने हक हिस्सा अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने के लिए कहा तो वे ऐसा करने से साफ इन्कार हो गये लिहाजा यही बनाए मुखास्मत है।

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामील होने के उपरान्त वादी एवं प्रतिवादी सं 1 ता 4 द्वारा आपसी सहमती से राजीनामा पेश किया गया। प्रतिवादी सं0 6 स्टेट की ओर से जवाब दावा पेश किया। व प्रतिवादी सं0 5 को वकील वादी ने ... अंकित ... प्रतिवादीगण द्वारा राजीनामा पेश किये जाने पर तनकी की कोई आवश्यकता नही ... अ... पत्रावली में साक्ष्य करवाया गया।

सहायक कलक्टर
(फास्ट ट्रैक) भादरा

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2021.01.19 09:59:32 IST
Reason: SelfAttested

साक्ष्य वादी में पीडब्ल्यु भागीरथ पुत्र मनीराम ... बयान करवाये गये। दस्तावेजी साक्ष्य में वारिस प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत कुंजी प्रदर्श 1 सत्यप्रतिलिपि जमाबंदी ग्राम किकराली संवत 2073–76 प्रदर्श 2 जमाबंदी रोही कुंजी संवत 2071–74 प्रदर्श 3 दादालाई जमाबंदी

Scanned with CamScanner

किकराली संवत 2057–60 प्रदर्श 4, दादालाई नामांतरण रजिस्टर रोही कुंजी दिनांक 20.11.2003 प्रदर्श 5, दादालाई जमाबंदी रोही कुंजी खाता सं0 83/78 प्रदर्श 6 प्रदर्शित करवाये।

बहस उभयपक्ष सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने वाद के तथ्यों को दौहराते हुए कथन किया कि वाद भूमि वादी की दादालाई पैतृक कृषि भूमि है जिसमें वादी का जन्म से हक हिस्सा है। उक्त वाद भूमि प्रतिवादी सं 1 के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज होने पर वादी के हकों पर विपरित असर पड़ता है। इस प्रकार मुताबिक राजीनामा व वाद में वर्णित भूमि पैतृक सम्पति साबित होने पर वाद वादीगण डिक्री किये जाने हेतु निवेदन किया।

हमारे द्वारा विद्वान अभिभाषक की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली पर प्रस्तुत दस्तावेज का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया। हस्तगत प्रकरण में वादीगण ने ग्राम कुंजी व किकराली के राजस्व रिकार्ड में अपने पिता के नाम दर्ज भूमि में अपने हकों की घोषणा करवाने हेतु वाद पेश किया है। वादी ने दावा की पुष्टि में जो सत्यप्रतिलिपि जमाबंदी व वारिस प्रमाण पत्र मय शपथ पत्र प्रदर्श 1 प्रदर्शित करवाये। प्रदर्श 1 में वारिसप्रमाण पत्र में तीन पुत्र प्रेम प्रकाश, भागीरथ व रोहिताश व एक पुत्री बिमला के अलावा अन्य कोई वारिस होना नही बताया गया है। रोही मौजा कुंजी के खाता सं0 89/84 के खसरा सं0 212/1 की कुल 6.981है0 व रोही किकराली के खाता सं0 99/100 के खसरा सं0 48/1 की 1.872है0 बारानी खातेदारी में प्रतिवादी सं 1 मनीराम के नाम खातेदारी राजस्व रिकार्ड में दर्ज है इस प्रकार वाद भूमि में वादी तथा प्रतिवादी सं 1 ता 3 का बहिस्सा बराबर है। चुंकि प्रतिवादीया सं0 4 ने अपना हक हिस्सा वादी तथा प्रतिवादी सं 1 ता 3 के पक्ष में त्याग कर शुन्य कर लिया है इस प्रकार वादभूमि में वादी व प्रतिवादी सं0 1 ता 3 संयुक्त रूप बहिस्सा बराबर के खातेदार काश्तकार घोषित किये जावें। इस प्रकार वाद वादी मुताबिक राजीनामा व पैतृक सम्पति के आधार पर काबिल स्वीकार होने पर स्वीकृत किया जाता है। ।

कियात्मक आदेश

अत : वाद वादी साबित होने के कारण मुताबिक राजीनामा डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा कुंजी के खाता सं0 89/84 के खसरा सं0 212/1 की कुल 6.981है0 व रोही किकराली के खाता सं0 99/100 के खसरा सं0 48/1 की 1.872है0 बारानी खातेदारी में प्रतिवादी सं 1 मनीराम के नाम दर्ज भूमि में वादी व प्रतिवादी सं0 1 ता 3 को बहिस्सा बराबर के अनुसार खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। चुंकि प्रतिवादी स0 4 ने अपना हक हिस्सा वादी व प्रतिवादी सं0 1 ता 3 के पक्ष में त्याग कर शुन्य कर लिया है इसलिए त्याग किये गये हिस्से पर नियमानुसार पंजीयन विभाग को देय पंजीयन शुल्क व स्टाम्प डयूटी अदा करने व यदि कृषि भूमि बैंक के रहन हैं तो रहन मुक्त होने के उपरान्त ही उपरोक्तानुसार वादी भागीरथ व प्रतिवादी सं0 1 मनीराम, प्रतिवादी सं0 2 प्रेम प्रकाश, प्रतिवादी सं03 रोहिताश कुमार को संयुक्त रूप से बहिस्सा बराबर के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किया जावे। खर्चा वाद उभय पक्ष अपना अपना वहन करे। पर्चा डिक्री जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 24.12.2020 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सत्यनारायण)
सहायक कलक्टर
(फास्ट ट्रैक) भादरा R.A.S.
सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक)
भादरा, जिला हनुमानगढ़

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2021.01.19 09:59:32 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner